थॉमस कप

हाल ही में भारत की पुरुष बैडमिंटन टीम ने पहली बार **थॉमस कप** का खिताब जीता।

- भारत ने 14 बार के चैंपियन **इंडोनेशिया** को हरा दिया है। यह टूर्नामेंट बैंकॉक (थाईलैंड) में आयोजित किया गया था।

थॉमस कप:

- **संबंधित क्षेत्र:** थॉमस कप ट्रॉफी बैडमिंटन के खेल में **विश्व वर्चस्व** का प्रतीक है।
  - इस टूर्नामेंट में 16 देशों की टीमें हिस्सा लेती हैं।
- **पृष्ठभूमि और प्रबंधन:** यह कप 1939 में सर जॉर्ज थॉमस द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन महासंघ (IBF) द्वारा प्रबंधित पुरुषों की अंतर्राष्ट्रीय टीम प्रतियोगिताओं की शृंखला हेतु दान किया गया था, जिसके तत्कालीन अध्यक्ष थॉमस थे।
- **पहला टूर्नामेंट**: पहला टूर्नामेंट 1948-49 में आयोजित किया गया था जिसे **मलाया ने जीता था**।
  - थॉमस और उबेर कप पुरुषों एवं महिलाओं की राष्ट्रीय टीमों द्वारा खेली जाने वाली **द्विवार्षिक अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप** है।
- **भारत की जीत:** टूर्नामेंट के सात दशक के लंबे इतिहास में चैंपियनशिप का खिताब केवल पाँच देशों - चीन, मलेशिया, इंडोनेशिया, जापान और डेनमार्क के हाथ में था।
  - भारत अपनी जीत के साथ इस कुलीन क्लब में प्रवेश करने वाला छठा देश बन गया है।

विगत वर्ष के प्रश्न:

प्रश्न. आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विजेता का निर्णय टीमों द्वारा जीते गए मैचों की संख्या के आधार पर किया गया।
2. न्यूज़ीलैंड इंग्लैंड से आगे था क्योंकि उसने इंग्लैंड से ज़्यादा मैच जीते थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

उत्तर: (d)

- वर्ष 2021-2023 ICC विश्व टेस्ट चैंपियनशिप इसका दूसरा संस्करण है। यह 4 अगस्त, 2021 को शुरू हुआ तथा 31 मार्च, 2023 को समाप्त होगा।
- ICC ने 2020 में घोषणा की थी कि फाइनल में पहुँचने वाली टीम का फैसला उसके द्वारा पिछले मैच में अर्जित अंकों के प्रतिशत के आधार पर किया जाएगा। प्रति टेस्ट उपलब्ध अंकों को एकसमान कर दिया गया है। यह प्रणाली किसी भी समय टीमों के सापेक्ष प्रदर्शन की तुलना करने की अनुमति देती है, जिसका अर्थ है कि किसी भी कारण से किसी भी मैच या शृंखला को रद्द करना अंक तालिका को सीधे प्रभावित नहीं करता है **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- न्यूज़ीलैंड फाइनल के लिये अर्हता प्राप्त करने वाली पहली टीम थी। यह 22 मैच खेलकर 126 अंक अर्जित करने के कारण इंग्लैंड से आगे थी। वहीं इंग्लैंड को 35 मैच खेलकर 107 अंक ही मिले हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **अतः विकल्प (D) सही उत्तर है।**

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/thomas-cup